
# एआई 20 मिनट में बताएगा मरीज को, टीबी पीड़ित है या नहीं





नवभारत न्यूज

**मुरैना, 24 मार्च।** टीबी की जांच अभी तक खकार के जरिए होती थी लेकिन अब जिला अस्पताल

## जिला अस्पताल में एआई आधारित टीबी जांच सेवा शुरू

में नई एआई बेस्ड सुविधा शुरू हुई है। जिसमें मरीजों का एक्स-रे कर 20 मिनट में पता चल सकेगा कि मरीज में टीबी के संभावित लक्षण तो नहीं। अगर जांच में टीबी के लक्षण नजर आते हैं तो उनके बलगम की जांच कर पुष्टि की जाएगी और तत्काल इलाज शुरू हो सकेगा।

### टीबी लाइलाज नहीं, नियमित दवा-पोषण आहार जरूरी : आरती

मुरैना। विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय के ओपीडी सभागार में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर, जिपं सीईओ कमलेश भार्गव ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने दो क्षय रोगियों को गोद लेकर फूड बास्केट दी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर ने कहा कि टीबी की बीमारी लाइलाज नहीं हैं। मरीज नियमित रूप से दवा के साथ पोषण युक्त आहार ले तो यह बीमारी जल्दी ठीक हो जाती है। इस मौके पर सीएमएचओ पद्मेश उपाध्याय, सिविल सर्जन डॉ. जीएस तोमर, आएमओ डॉ. डीएस यादव, जिला क्षय अधिकारी डॉ. नरेंद्र उपाध्याय, डीपीसी बृजेश सिंह राजपूत, अवधेश शर्मा, जितेंद्र सिंह नरवरिया, संजय सिकरवार, शिवप्रताप जादौन, सुरेंद्र सिंह, विवेक, यतेंद्र आदि मौजूद रहे।

### एचपीवी वैक्सिन जरूर लगवाएं किशोरी: सीईओ

जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने इस मौके पर जिलेभर के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि इन दिनों जिलेभर में सवाईकल कैंसर रोधी वैक्सीन 14-15 साल की किशोरियों को लगाई जा रही है। यह वैक्सीन निजी अस्पताल में 11 हजार रुपए में उपलब्ध है, जबकि सरकार यह वैक्सीन जिलेभर के स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त लग रही है।

### जिपं अध्यक्ष ने कराई बीपी, सीईओ ने शुगर की जांच

जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान जिपं अध्यक्ष आरती गुर्जर जांच रूम में पहुंची, जहां उन्होंने ब्लड प्रेशर और जिपं सीईओ कमलेश भार्गव ने ब्लड शुगर चेक कराई। अध्यक्ष का ब्लड प्रेशर नॉर्मल निकला जबकि सीईओ का शुगर लेवल अधिक मिला।

### टीबी रोगियों को बांटी पोषण आहार की बास्केट



सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने इस मौके पर जिलेभर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों से आह्वान किया कि वह भी अपने क्षेत्र के टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण युक्त आहार दें। जिससे क्षय रोगियों को दवा के साथ साथ बेहतर पोषण मिल सके। इस मौके पर 2 मरीजों को पोषण आहार से संबंधित फूड बास्केट बांटी गई।



# जनसुनवाई : जिपं सीईओ ने 142 लोगों की सुनी समस्याएं

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 24 मार्च।** जनसुनवाई के अंतर्गत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 142 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने राजस्व, भूमि विवाद, छात्रवृत्ति, अतिथि शिक्षक, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, पेंशन, स्वच्छता, अतिक्रमण, सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को सुना और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को जन आकांक्षा पोर्टल पर अपलोड करने को निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, एसडीएम बीएस कुशवाह, डिप्टी कलेक्टर भरत कुमार, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, उमेश अवस्थी सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय सेमीनार का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 24 मार्च।** भारतीय वायु सेना द्वारा युवाओं में देशभक्ति की भावना जाग्रत करने एवं उन्हें वायु सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित करने हेतु 23 एवं 24 मार्च तक 02 दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार शासकीय आईटीआई मुरैना शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय मुरैना एवं राज राजेश्वरी आईटीआई मुरैना में आयोजित की गई। जिसमें प्राचार्य एवं संचालकों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के उपरांत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ से वायु सेना के सार्जेंट राजीव खटाना एवं सार्जेंट रविन्द्र वनवे ने सेमिनार की जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम में वायु सेना के सार्जेंट



राजीव खटाना एवं सार्जेंट रविन्द्र वनवे उपस्थित रहे। उन्होंने वायु सेना की स्थापना, उद्देश्य, कार्यप्रणाली और भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी। सार्जेंट राजीव खटाना ने अग्निवीर वायु बनने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी और आवश्यक शैक्षणिक योग्यता पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी राम जादोन ने सभी का स्वागत करते हुए पब्लिसिटी ड्राइव आयोजित कराने में सहयोग प्रदान किया।

### आकाश मिस्टर एशियन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप विजेता बने

मुरैना। नई दिल्ली में आयोजित मिस्टर एशियन बॉडी बिल्डिंग फिटनेश चैंपियनशिप में मुरैना शहर के रामनगर निवासी आकाश 25 पुत्र जगन्नाथ माहौर ने गोल्ड मैडल के साथ पहला स्थान हासिल किया है। आकाश ने यह उपलब्धि देश के अलग-अलग प्रांतों से आए बॉडी बिल्डर को पछाड़कर हासिल की। उनकी इस उपलब्धि पर कोच अमित कोटिया ने हर्ष व्यक्त किया है।

### क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल 27-28 को

**मुरैना।** चंबल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन सीडीसीए के मैदान मप्र क्रिकेट संगठन द्वारा अंडर-15 टैलेंट स्काउट बालिकाओं के ओपन चयन ट्रायल 27-28 मार्च को रखी गई है। चंबल डिवीजन क्रिकेट एसोएिशन के सचिव तस्लीम खान ने बताया कि ट्रायल में चंबल संभाग संभाग संभाग क्रिकेट संघ की बालिकाएं हिस्सा ले सकती हैं। जिनका जन्म 1 सितंबर से 31 अगस्त के बीच हुआ हो।

# रेत व पत्थर का अवैध परिवहन करते 3 ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 24 मार्च।** जिले के सबलगढ़ एवं टेंटरा थानों की पुलिस ने सोमवार को रेत एवं पत्थरों का अवैध रूप से परिवहन कर रहे तीन ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया। तीनों

## तीन आरोपी गिरफ्तार, खनिज अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज

वाहनों के ड्राईवरों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मप्र खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किए गए है।

सबलगढ़ पुलिस ने 23 मार्च को सेवाराम का बाग के पास से पत्थरों से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। ड्राईवर मोहर सिंह पुत्र परिमाल जाटव नि. बेनीपुरा सबलगढ़ को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में पुलिस टीम ने कठघर गांव की नहर की पुलिया के पास से चंबल नदी की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर ड्राईवर को गिरफ्तार किया। एक





अन्य कार्रवाई में टेंटरा थाना पुलिस ने सोसाइटी के पास से गुजर रहे रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा।

पुलिस ने इसके ड्राईवर राजेश पुत्र वकील सिंह रावत नि. गढ़ी विजयपुर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मप्र खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

# गेंहू का समर्थन मूल्य 4 हजार प्रति क्विंटल घोषित हो : डंगस

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 24 मार्च।** किसानों की समस्याओं एवं गेंहू उपार्जन का समर्थन मूल्य 4 हजार रूपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांगों को लेकर किसान कांग्रेस की जिला इकाई की ओर से

## किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

मंगलवार को ज्ञापन दिया गया। राज्यपाल के नाम ज्ञापन जिलाध्यक्ष जितेन्द्र डंगस के नेतृत्व में तहसीलदार को दिया गया।

इस ज्ञापन में सोसायटी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28



मार्च को बढ़ाए जाने, अमेरिकी ट्रेड डील के अंतर्गत सोया ऑइल के टैक्स फ्री आयात पर रोक लगाए जाने, बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कराए जाकर किसानों को उचित मुआवजा और बीमा की राशि दिए जाने, किसानों के बकाया बिजली बिलों की वसूली पर रोक लगाए जाने और राशि का भुगतान आसान किश्तों में किए जाने के आदेश जारी करने, घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की मांगें किसान कांग्रेस ने की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में रिंकू पचौरी, विक्रमराज मुदगल, इरशाद, इकबाल शाह, हरीराम पचौरिया, प्रमोद शर्मा हुसैनपुर, रामस्वरूप माहौर, गौरव चतुर्वेदी, जितेन्द्र गुर्जर, राजेश राठौर, रमेश अर्गल, वकील जाटव, होतम परमार, बंगाली जाटव, होतम परमार, बंगाली जाटव, नितिन नारौलिया, त्रिलोकी कंषाना, आकाश खटीक, छोटू, लोकेन्द्र माहौर, सचिन माहौर, सौरव माहौर आदि शामिल थे।

# 5 हजार का ईनामी हत्यारोपी शिवा तोमर गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**मुरैना, 24 मार्च।** स्टेशन रोड थाना पुलिस ने बीते 6 महीने से फरार चल रहे हत्यारोपी शिवा तोमर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा और जिंदा राउण्ड जब्त किए गए है।

जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड थाने में की हत्या की घटना को लेकर दर्ज अपराध क्रं. 73/25 में नामजद शिवा तोमर उर्फ शिवप्रताप पुत्र कुलदीप तोमर नि. सिसौदिया गली महावीरपुरा मुरैना विगत 6 महीने से फरार बना हुआ था। 23 मार्च को पुलिस ने शिवा तोमर को नंदपुरा रोड पर शिकारपुर फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर कट्टा और एक जिंदा राउण्ड जब्त किए गए है। आरोपी शिवा तोमर के विरुद्ध मुरैना जिले के कोतवाली, स्टेशन रोड, सरायछौला सहित ग्वालियर के माधौगंज थाने में संगीन धाराओं के तहत 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है।

माधौगंज ग्वालियर थाने में दर्ज हत्या के प्रकरण में आरोपी शिवा तोमर पैरोल पर जेल से निकलने के बाद फरार चल रहा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई संजय बरैया, एसआई राममंत्र गुप्ता, प्र.आर. अवनीश शर्मा, रविन्द्र कुमार, आरक्षक कपिल पचौरी, कुलदीप भदौरिया, कमलकिशोर, आरक्षक चालक पवन सिकरवार शामिल थे।



# एमएसपी पर गेंहू उर्पाजन गुणवत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 24 मार्च।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु गुणवत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण अधिकारी, कर्मचारियों को भारतीय खाद्य निगम के गुणवत्ता नियंत्रक ग्वालियर द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत ने सभी सहकारी समिति, प्रबंधक, ऑपरेटरों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि एफएक्यू मानक स्तर का गेहूँ उपार्जित करें एवं किसानों के लिए केन्द्र पर छाया, पानी, टॉयलेट, बैठक व्यवस्था सुनिश्चित रखें। इस अवसर पर कृषि, राजस्व, सहकारिता, खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, वेयर हाउस, पंजीयन, उपार्जन केन्द्र प्रबंधक, ऑपरेटर, सर्वेयर एवं उपार्जन समिति के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्रेटा कार से 1.75 लाख की देशी शराब जब्त, 1 गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**मुरैना, 24 मार्च।** अवैध विक्रय के लिए ले जाई जा रही 35 पेटी देशी शराब से भरी क्रेटा कार को अंबाह पुलिस ने सोमवार की रात को जब्त कर लिया। पुलिस ने कार में सवार एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब का बाजारू मूल्य 1 लाख 75 हजार रूपये आंका गया है।

जानकारी के अनुसार मुखबिर ने अंबाह थाना प्रभारी को सूचना दी कि खाद का पुरा से एक लक्जरी कार में शराब की खेप पोरसा की ओर ले जाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने चैक पॉइंट लगाकर करौली माता रोड बायपास से क्रेटा कार क्रं. एमपी07-सीजे-8364 को पकड़ा। कार में देशी शराब की 35 पेटियां भरी हुईं मिलीं। पुलिस ने

## अंबाह पुलिस ने सोमवार की रात की कार्रवाई

शराब सहित कार को जब्त कर ड्राईवर राजकुमार उर्फ दद्दू तोमर पुत्र अशोक सिंह तोमर नि. शाहपुरा पोरसा को गिरफ्तार कर लिया। जब्त शराब का बाजारू मूल्य 1 लाख 75 हजार रूपये आंका गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ एसआई प्रज्ञाशील, प्र.आर. सत्यवीर सिंह, रविन्द्र, आरक्षक लखन, रूपेश, आरक्षक चालक धर्मेन्द्र परमार शामिल थे।

### भगवा शौर्य जागरण यात्रा कल निकलेगी

**मुरैना, 24 मार्च।** सनातन महासभा युवा सेना के तत्वावधान में 26 मार्च को शहर में विशाल भगवा शौर्य जागरण यात्रा एवं भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत कलश एवं शोभायात्रा दोपहर 1 बजे टेलीफोन बाबा हनुमान मंदिर से शुरू होकर रामजानकी मंदिर जीवाजी गंज तक निकाली जाएग। यात्रा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग सहभागिता करेंगे। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 4 बजे से टाउन हॉल में किया जाएगा, जिसमें भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ शाम 5 बजे से इसी जगह होगा।

### समीक्षा बैठक 28 मार्च को

**मुरैना।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक 28 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# चंबल के प्रेरणास्त्रोत हैं आईपीएस मनोज शर्मा जैसे युवा : राजू भाई

नवभारत न्यूज

**मुरैना/जौरा, 24 मार्च।** बागी समस्या एवं हिंसा के लिए अभिशप्त माने जाने वाले चंबल क्षेत्र में अब शांति प्रक्रिया की बहाली के बाद यहां के नौजवान व्यापार एवं प्रशासनिक क्षेत्र में अंचल का नाम रोशन कर रहे हैं। बिलगांव की माटी में पले मनोज शर्मा जैसे नौजवान देश में एक जिम्मेदार आईपीएस की भूमिका सफ्लतापूर्वक निभा रहे हैं। ऐसे ईमानदार अधिकारी देशभर में अंचल का नाम रोशन कर रहे हैं।



यह अंचल के लिए गर्व की बात है।

यह बात गांधीवादी विचारक एवं एकता परिषद जन संगठन के संरक्षक पीवी राजगोपाल ने कही। वे जौरा स्थित सांदीपनि स्कूल में आईपीएस मनोज शर्मा के नाम से बनाए गए ऑडिटोरियम का अवलोकन करने के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ की ओर से प्राचार्य त्यागी द्वारा उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राजगोपाल ने विद्यालय की व्यवस्थाओं के संबंध में प्राचार्य एवं स्टाफ से चर्चा की। ऑडिटोरियम में ही एक संक्षिप्त बैठक में पीवी राजगोपालन ने कहा कि चंबल में बंदूक की हिंसा खत्म हो गई है। लेकिन अन्य प्रकार की हिंसा एवं गैर बराबरी अभी भी व्याप्त हैं। हम सबको मिलकर चंबल क्षेत्र से सभी प्रकार की हिंसा को समाप्त करना है। बैठक का समापन पीवी राजगोपाल द्वारा प्रस्तुत भजन के साथ किया गया।


## आम सूचना

श्री सुघर सिंह जाटव पुत्र श्री सुरेशलाल जाटव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम रिठौनिया, प.ह.नं.18, रा.नि.मं.02 कैलारस, तहसील कैलारस एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.174/1/1 ग्राम रिठौनिया का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1104 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूमि बाबू जाटव, पश्चिम में-भूमि हरि सिंह जाटव, उत्तर में-भूमि मनीराम कुमार एवं दक्षिण में रास्ता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री गणपति, श्री भगरीलाल एवं श्री रामजीलाल पुत्रगण श्री गणपति एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री भगरी जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री सुघर सिंह जाटव पुत्र श्री सुरेशलाल जाटव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी2580202३ए12392470 दिनांक 21.09.2023 से विक्रय की गई। श्री सुघर सिंह जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

## आम सूचना

श्रीमती प्रीति रजक पत्नी श्री सतेन्द्र के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.23, स्थित विक्रम नगर, ग्राम महाराजपुर, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.45 (चंबल वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1001/2 ग्राम महाराजपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में रास्ता 24 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूखण्ड दीगर, उत्तर में भूखण्ड क्र.22 (भूमि विक्रेता) एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.24 (सरोज) है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती सुमन तोमर पत्नी श्री सोवरन सिंह, श्रीमती सुधा तोमर पत्नी श्री सदीश तोमर, श्री संजय कुमार पुत्र श्री रामजीलाल बंसल के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती सुमन तोमर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती प्रीति रजक पत्नी श्री सतेन्द्र को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी2579202१ए1661105 दिनांक 04.08.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती प्रीति रजक द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान सेन्ट्रम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

## आम सूचना

श्रीमती भूरी कुशवाह पत्नी श्री श्यामू कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.20. स्थित ग्राम कैलारस, तहसील कैलारस एवं जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.08 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.279 ग्राम कैलारस का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में भूखण्ड क्र.21, पश्चिम में रास्ता 25 फुट चौड़ा, उत्तर में रास्ता 25 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में भूखण्ड क्र.19 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती रजको पत्नी श्री शिवलाल, श्रीमती भूरी, श्रीमती हलूकी एवं श्रीमती जावित्री पुत्रियां श्री शिवलाल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती भूरी कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री हेमराज कुशवाह पुत्र श्री रूपसिंह कुशवाह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री हेमराज कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

## आम सूचना

श्री कालीचरण माहौर पुत्र श्री रत्ना के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.05, स्थित सुंदरपुर कॉलोनी के पीछे, टी.टी.एस.स्कूल, ग्राम अतरसुमा, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.966 ग्राम अतरसुमा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में भूमि दीगर, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में भूखण्ड क्र.04 एवं दक्षिण में भूखण्ड क्र.06 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री भूरी सिंह, श्री संभाराम पुत्रगण श्री रामनाथ, गुड्डी, भूरी, गीता (नाबालिग) पुत्रियां श्री रामनाथ सरपरस्त भाई श्री भूरी सिंह, श्री रामस्वरूप, श्री रामदयाल, श्री हेतराम, श्री नारायण सिंह पुत्रगण श्री सुमेरा, धनवंती, गंगावती, कैलाशी पुत्रियां श्री सुमेरा, श्री रामहेत, श्री बंशी, श्री ज्वालाप्रसाद, श्री कालीचरण, श्री अमर सिंह पुत्रगण श्री रत्ना, श्री छोटे पुत्र श्री झंडू के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री कालीचरण माहौर द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती सावित्री पत्नी श्री रामसेवक सिंह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती सावित्री द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान गृहम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710